पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल कल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी में कुलपति सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे
उच्च शिक्षा से जुडे कई अहम मुद्दों पर कुलपतियों से विचार विमर्श करेंगे

लखनऊः 29 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय, श्री राम नाईक कल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी में आयोजित कुलपति सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। कुलपति सम्मेलन में उच्च शिक्षा एवं विश्वविद्यालयों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जायेगा तथा उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाये जाने के दृष्टिगत कुलपतियों से प्रस्ताव भी आमंत्रित किये जायेंगे। कुलपति सम्मेलन में राज्य विश्वविद्यालय के सभी कुलपति, प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल, उच्च शिक्षा/कृषि शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के उच्च अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। इससे पूर्व 9 जनवरी, 2016 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में कुलपति सम्मेलन का आयोजन किया जा चुका है।

राज्यपाल द्वारा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में आयोजित कुलपति सम्मेलन में (1) शैक्षिक सत्र 2016-17 में प्रवेश एवं शैक्षिक कैलेण्डर निर्धारण (2) दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्रक्रिया पूर्ण करने की समय सारिणी (3) विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह की रूप-रेखा (4) फीस वृद्धि निर्धारण की विश्वविद्यालय अधिनियम-1973 की धारा-7(14) एवं धारा-52(3)(ब) में वर्णित प्रक्रिया (5) स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के तहत नियुक्त शिक्षकों को विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियमों की परिधि में लाने (6) विशिष्ट विषयों पर वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से विशेष व्याख्यान, पुस्तकालय/वाचनालय सुविधाओं का सदुपयोग, प्रशिक्षणों का आयोजन, शोध प्रयोगशालाओं/केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का सदुपयोग एवं आदान-प्रदान (7) छात्र संघ चुनाव तथा (8) वाह्य सेवा के माध्यम से संविदा पर रखे जाने वाले कार्मिकों की सेवा शर्तों की प्रक्रिया आदि बिन्दुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया जायेगा।

श्री नाईक द्वारा कुलपति सम्मेलन में विशेष रूप से विश्वविद्यालय सभा (Court) का गठन एवं बैठकों की स्थिति तथा परीक्षा पुस्तिकाओं के मूल्यांकन प्रक्रिया में सम्बद्ध शिक्षकों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के सन्दर्भ में विचार-विमर्श होगा। इसके साथ ही गत 9 जनवरी, 2016 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर कुलपति सम्मेलन में लिये गये निर्णयों (1) शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी द्वारा राज्यपाल/कुलाधिपति को उचित माध्यम से प्रत्यावेदन भेजने (2) स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में नियुक्त शिक्षकों के सन्दर्भ में शासनादेश15 जुलाई, 2015 के स्पष्टीकरण (3) शिक्षकों की नियुक्तियाँ (4) ई-गवर्नेन्स के सम्बन्ध में गठित समिति (5) विश्वविद्यालयों की वेबसाईट के अपग्रेडेशन (6) विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठकों की रिकार्डिंग तथा (7) ‘‘चांसलर अवार्ड‘‘ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जायेगी।

अंजुम/ललित/राजभवन (266/36)